(4)

आचार्य वाचस्पति उपाध्याय स्मारक व्याख्यानमाला
दिनांक २६.०७.२०२० का प्रतिवेदन

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय के शोध विभाग द्वारा ''आचार्य वाचस्पति उपाध्याय स्मारक व्याख्यानमाला'' दिनांक 26.07.2020 को वेबीनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी ने की। माननीय कुलपति महोदय ने विद्यापीठ के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में विद्यापीठ के संस्थापक कुलपति डॉ. मण्डन मिश्र का महनीय योगदान एवं आचार्य वाचस्पति उपाध्याय के द्वारा पल्लवित विद्यापीठ को व्याख्यायित किया एवं उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने के लिए छात्रों तथा अध्यापकों को प्रेरित किया। उक्त व्याख्यानमाला में मुख्यातिथि के रूप में पतञ्जलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार के कुलपति आचार्य बालकृष्ण जी ने व्याख्यानमाला की शोभा बढ़ाई।

मुख्यवक्ता के रूप में पतञ्जलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार के सम-कुलपति प्रो. महावीर अग्रवाल जी ने ''वैदिक जीवन पद्धति'' विषय पर अपना विशिष्ट व्याख्यान प्रदान किया। आचार्य अग्रवाल जी का व्याख्यान सहज-सरल एवं समाजोपयोगी रहा। कार्यक्रम का संयोजन शोधविभागाध्यक्ष प्रो. शिवशंकर मिश्र ने किया। इस व्याख्यानमाला में विश्वविद्यालय के अध्यापक, अधिकारी, शोधच्छात्र एवं अन्य संस्कृत प्रेमी तथा विद्वानों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। उक्त व्याख्यानमाला से सभी लोग अवश्य ही लाभान्वित हुए।

(प्रो. शिवशङ्कर मिश्र)
शोध विभागाध्यक्ष
संयोजक- आचार्य वाचस्पति उपाध्याय स्मारक व्याख्यानमाला